मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

राँची, दिनांक– **03.02.2020**

विज्ञप्ति संख्या - 132/2020

दादी श्याम मंदिर, दुमका

===================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन दुमका के श्रीश्री 108 दादी श्याम मंदिर में पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की

===================

★ भगवान श्री कृष्ण राज्यवासियों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करें, यही है प्रार्थना

---हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री

=======================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन आज दुमका के श्रीश्री 108 दादी श्याम मंदिर में भगवान श्री कृष्ण की विधिवत पूजा-अर्चना की। पूजा-अर्चना के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यवासियों के जीवन में सुख, शांति, अमन-चैन, समृद्धि और खुशहाली आए, इसकी कामना की है। उन्होंने कहा कि जनता की उम्मीदों और आकांक्षाओं को पूरा करने का काम हमारी सरकार करेगी। राज्य को विकास के रास्ते पर आगे ले जाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता ने जिस अपेक्षा के साथ मुझे मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी है, उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास निरंतर करूंगा।

###

==================

#Team PRD (CMO/ Dumka)